# समाचार

## हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए महापौर ने

कोरबा 30 अगस्त 2013 –महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की हितग्राही वार्ड क्र. 44 नगोईखार निवासी धानबाई एवं सोनकुंवर को सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्री लाम्बा ने राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की हितग्राही तथा वार्ड क्र. 44 नगोईखार निवासी धानबाई पति स्व. रामकुमार को दस हजार रूपये एवं सोनकुंवर पति स्व. विदेशीदास को बीस हजार रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)